पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु राजभवन में हुई बैठक

महिलाओं को प्रशिक्षित कर स्वयं सहायता समूह बनाया जायेगा

लखनऊ : 2 दिसम्बर, 2019

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन परिसर में आवासित परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाये जाने हेतु 'स्वयं सहायता समूह' के गठन के संबंध में आज एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल श्री हेमन्त राव, विशेष सचिव डॉ0 अशोक चन्द्र, विशेष सचिव एवं वित्त नियंत्रक सुश्री साधना श्रीवास्तव, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुश्री निधि बाजपेयी, डिस्ट्रिक्ट मिशन मैनेजर श्री अम्बेश सिंह, ईश्वर चाइल्ड फाउंडेशन की सुश्री सपना उपाध्याय सहित राजभवन में आवासित परिवार की महिलायें उपस्थित थीं।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुश्री निधि बाजपेयी ने महिलाओं से सिलाई, मोमबत्ती बनाना, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, पेन्टिग इत्यादि पर चर्चा करते हुए स्वयं सहायता समूह की कार्यपद्धति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् कुटीर उद्योग के माध्यम से रोजगार मिल सकता है तथा वे आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप अपनी रूचि के कार्यक्षेत्र का चयन कर प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण के उपरांत स्वयं सहायता समूह से जुड़कर कुटीर रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के गठन एवं रोजगार प्रारम्भ करने के लिये सरकार की ओर से आर्थिक मदद प्रदान की जायेगी।

———

ओ0पी0राय/राजभवन (86/1)